दिनांक: 5 मार्च, 2026

# राष्ट्रीय दलों के आय एवं व्यय का विश्लेषण: वित्तीय वर्ष 2024-25

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
द्वारा विश्लेषित रिपोर्ट

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स,

प्लाट नंबर. ई-5, चौथी मंजिल, लेन-1, वेस्टएंड मार्ग, सैदुलाजाब,
(साकेत मेट्रो गेट नंबर 2 के पीछे) नई दिल्ली - 110030
ईमेल: adr@adrindia.org; फ़ोन: 011-4165 4200

# विस्तृत रिपोर्ट

## प्रस्तावना

राजनीतिक दल विभिन्न स्त्रोतों से दान प्राप्त करते हैं इसलिए जवाबदेही और पारदर्शिता उनके कामकाज का महत्वपूर्ण पहलू होना चाहिए | व्यापक और पारदर्शी लेखा प्रणाली के लिए पार्टियों को सही वित्तीय स्थिति प्रदर्शित करना आवश्यक है | भारत निर्वाचन आयोग (ई.सी.आई.) ने 19 नवम्बर, 2014 को राजनीतिक दलों के अध्यक्षों/महामंत्रियों को सम्बोधित करते हुए अपने पत्र में लिखा कि सभी दलों को उनकी ऑडिट रिपोर्ट का विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है |

इस रिपोर्ट में राष्ट्रीय दलों के कुल आय और व्यय का विश्लेषण है जो उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपने आयकर में भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया | राष्ट्रीय दलों में भारतीय जनता पार्टी (**बीजेपी**), इंडियन नेशनल कांग्रेस (**कांग्रेस**), बहुजन समाज पार्टी (**बीएसपी**), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया (मार्क्सिस्ट) (**सीपीआई (एम)**), आम आदमी पार्टी (**आप**) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (**एनपीईपी**) है |

## i. राष्ट्रीय दलों द्वारा प्रस्तुत ऑडिट रिपोर्ट


- राजनीतिक दलों के लिए वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने की नियमित तारीख **31 अक्टूबर 2025** थी |
- केवल **बीएसपी, एनपीईपी** और **आम आदमी पार्टी** ने अपना ऑडिट रिपोर्ट **समयसीमा पर प्रस्तुत** किया है जबकि **सीपीआई(एम)**, **कांग्रेस** और **बीजेपी** ने अपना ऑडिट रिपोर्ट क्रमशः **18 दिनों**, **38 दिनों** और **56 दिनों** की देरी के बाद चुनाव आयोग को जमा किया है |

| National Political Parties: Due date for submission: 31 Oct,'25 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S.No** | **Political Party** | **Party Code** | **Status of submission** | **Date of Submission** | **No. of days by which delayed** |
| 1 | National People's Party | NPEP | - | 23 September 2025 | - |
| 2 | Aam Aadmi Party | AAP | - | 30 September 2025 | - |
| 3 | Bahujan Samaj Party | BSP | - | 24 October 2025 | - |
| 4 | Indian National Congress | INC | **Submitted with delay** | 19 November 2025 | **18 Days** |
| 5 | Communist Party of India (Marxist) | CPI(M) | **Submitted with delay** | 9 December 2025 | **38 Days** |
| 6 | Bharatiya Janata Party | BJP | **Submitted with delay** | 27 December 2025 | **56 Days** |

## ii. राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के आय एवं व्यय - वित्तीय वर्ष-2024-25

- वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान **बीजेपी** ने कुल **रु 6769.1498 करोड़** की आय घोषित की है जिसमें से पार्टी ने कुल आय का **55.76% (रु 3774.582 करोड़)** ही खर्च किया है | **कांग्रेस** की कुल आय **रु 918.2865 करोड़** थी जबकि पार्टी ने **रु 1111.9496 करोड़** खर्च किए हैं जो पार्टी के कुल आय से **21.09%** (रु 193.6631 करोड़) अधिक है |
- **सीपीआई(एम)** ने इस वित्तीय वर्ष के दौरान कुल आय **रु 172.603 करोड़** घोषित की, जबकि पार्टी का कुल व्यय **रु 173.8649 करोड़** रहा। इस प्रकार पार्टी ने अपनी आय से **रु 1.2619 करोड़** (0.73%) अधिक खर्च किया है |
- **बीएसपी** की कुल आय **रु 58.5887 करोड़** रही, जबकि इस वर्ष के दौरान उसका कुल व्यय **रु 106.3081 करोड़** था इस प्रकार पार्टी का व्यय उसकी कुल आय से **रु 47.7194 करोड़** (81.45%) अधिक रहा।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान **आम आदमी पार्टी** की कुल आय **रु 39.2813 करोड़** रही, जबकि उसका कुल व्यय **रु 36.4639 करोड़** दर्ज किया गया, जो उसकी कुल आय का लगभग **7.17%** कम है; इसी अवधि में **एनपीईपी** ने **रु 2.1898 करोड़** की आय घोषित की और **रु 1.1983 करोड़** का व्यय किया, जो उसकी कुल आय से लगभग **45.28%** कम है।


| National Party | Total income and expenditure declared by Political Parties, FY 2024-25 (in Rs cr) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | Total declared Income (A) | Total declared Expenditure (B) | Share of expenditure (B/A*100) | Excess of income over expenditure (A-B=C) |
| BJP | 6769.1498 | 3774.582 | 55.76% | Rs 2994.5678 cr, (44.24%) |
| INC | 918.2865 | 1111.9496 | **121.09%** | **Rs -193.6631 cr, (-21.09%)** |
| CPI(M) | 172.603 | 173.8649 | **100.73%** | **Rs -1.2619 cr, (-0.73%)** |
| BSP | 58.5887 | 106.3081 | **181.45%** | **Rs -47.7194 cr, (-81.45%)** |
| AAP | 39.2813 | 36.4639 | 92.83% | Rs 2.8174 cr, (7.17%) |
| NPEP | 2.1898 | 1.1983 | 54.72% | Rs 0.9915 cr, (45.28%) |
| **Total** | **Rs 7960.099 cr** | **Rs 5204.367 cr** | **65.38%** | **Rs 2755.732 cr, (34.62%)** |



## iii. वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राष्ट्रीय दलों की कुल आय

- राष्ट्रीय दलों की आय पूरे भारतवर्ष से विभिन्न स्त्रोतों से संकलित की गई है जैसा की उन्होंने अपने ऑडिट रिपोर्ट में प्रस्तुत किया है |
- 6 राष्ट्रीय दलों (**बीजेपी, कांग्रेस, बीएसपी,** (**सीपीआई (एम)**), **आम आदमी पार्टी** और **एनपीईपी** ने पूरे भारतवर्ष से कुल मिलाकर **रु 7960.099 करोड़** की आय घोषित की है |
- **बीजेपी** ने सबसे अधिक **रु 6769.1498 करोड़** की आय घोषित की है जो इन 6 दलों के कुल आय का **85.039%** है, दूसरे स्थान पर **कांग्रेस** ने **रु 918.2865 करोड़** की आय घोषित की है जो 6 राष्ट्रीय दलों के कुल आय का **11.536%** है |
- **एनपीईपी** ने **रु 2.1898 करोड़** की सबसे कम आय घोषित की है जो वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 6 राष्ट्रीय दलों की कुल आय का मात्र **0.028%** है |


| Income of National Parties for FY 2024-25 (in Rs Cr) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **National Party** | **BJP** | **INC** | **CPI(M)** | **BSP** | **AAP** | **NPEP** |
| Total Income | 6769.1498 | 918.2865 | 172.603 | 58.5887 | 39.2813 | 2.1898 |
| % Share of total Income | **85.039%** | **11.536%** | **2.168%** | **0.736%** | **0.493%** | **0.028%** |
| **Grand Total** | **Rs 7960.099 cr** | | | | | |




## iv. वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 के बीच राष्ट्रीय दलों की कुल आय की तुलना


- वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2024-25 के बीच **बीजेपी** की आय में **55.95%** (रु 2428.6768 करोड़) की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जबकि **सीपीआई(एम)** की आय में 2.96% (रु 4.967 करोड़) की मामूली बढ़ोतरी हुई।
- इसी अवधि में **कांग्रेस** की आय में **25.05%** (रु 306.8325 करोड़) की कमी दर्ज की गई, जबकि **बीएसपी** की आय में **9.56%** (रु 6.1911 करोड़) की गिरावट देखी गई।

- **आम आदमी पार्टी** की आय में इस अवधि के दौरान **73.20%** (रु 16.6013 करोड़) की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, **एनपीईपी ने 875.85%** (रु 1.9654 करोड़) की वृद्धि के साथ प्रतिशत के आधार पर सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की।




## v. राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित आय के प्रमुख 3 स्त्रोत: वित्तीय वर्ष 2024-25

- राष्ट्रीय दलों के शीर्ष तीन मुख्य आय स्रोतों में दलों ने दान से अधिक धन प्राप्त किया है | **बीजेपी** ने **रु 6124.8583 करोड़**, **कांग्रेस** ने **रु 522.13 करोड़**, **सीपीआई(एम)** ने **रु 84.1775 करोड़**, **आम आदमी पार्टी** ने **रु 39.224 करोड़**, और **एनपीईपी** ने **रु 2.1404 करोड़** |
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, **कांग्रेस** ने **कूपन संग्रह** द्वारा **रु 350.12 करोड़** की धनराशि अर्जित की है, जो पार्टी के कुल आय का **38.12%** है |




| National Party | Total Income | Top 3 sources of Income of Political Parties: Financial Year 2024-25 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Top 3 Sources of Income | Amount (in Rs cr) | Share of Income |
| BJP | Rs 6769.1498 cr | Voluntary Contributions | 6124.8583 | **90.48%** |
| | | Interest from Banks | 634.0967 | 9.37% |
| | | Fee & Subscription | 5.70 | 0.08% |
| | | **Other Income** | 4.4948 | 0.07% |
| INC | Rs 918.2865 cr | Grant/Donation/Contributions | 522.13 | **56.859%** |
| | | Collection By Issuing Coupons | 350.12 | 38.128% |
| | | Fees & Subscription | 36.695 | 3.996% |
| | | **Other Income** | 9.3415 | 1.017% |
| CPI(M) | Rs 172.603 cr | Grant/Donation/Contributions | 84.1775 | **48.77%** |
| | | Fees & Subscription | 38.1754 | 22.12% |
| | | Interest from Bank | 35.182 | 20.38% |
| | | **Other Income** | 15.0681 | 8.73% |
| BSP | Rs 58.5887 cr | Bank Interest | 45.6324 | **77.886%** |
| | | Membership Fees | 12.30 | 20.994% |
| | | Interest on Income Tax Refund | 0.6557 | 1.119% |
| | | **Other Income** | 0.0006 | 0.001% |
| AAP | Rs 39.2813 cr | Donation & Contribution | 39.224 | **99.8541%** |
| | | Interest Income | 0.0566 | 0.1441% |
| | | Fees & Subscription | 0.0004 | 0.001% |
| | | **Other Income** | 0.0003 | 0.0008% |
| NPEP | Rs 2.1898 cr | Grants/Donations/Contributions | 2.1404 | **97.744%** |
| | | FD Interest Income | 0.0476 | 2.174% |
| | | Fee & Subscription | 0.0009 | 0.041% |
| | | **Other Income** | 0.0009 | 0.041% |
| **Total Income declared** | | | **Rs 7960.099 cr** | |

## vi. राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित व्यय के प्रमुख 3 स्त्रोत: वित्तीय वर्ष 2024-25

- वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान **बीजेपी** ने **रु 3335.368 करोड़** का खर्च **चुनाव/ सामान्य प्रचार** में और **रु 323.05 करोड़ प्रशासनिक लागत** में घोषित किया है |
- **कांग्रेस** ने सबसे अधिक व्यय **चुनाव खर्च** में **रु 896.225 करोड़** और **प्रशासनिक और सामान्य व्यय** में **रु 159.684 करोड़** खर्च घोषित किया है|
- **सीपीआई(एम)** ने **प्रशासनिक और सामान्य खर्चों** पर सबसे अधिक **रु 78.116 करोड़** और कर्मचारी लागत पर **रु 51.036 करोड़** का व्यय घोषित किया है |
- **बीएसपी**, **आम आदमी पार्टी** और **एनपीईपी** ने क्रमशः चुनाव खर्च पर सबसे अधिक **रु 84.4688 करोड़**, **रु 22.016 करोड़** और **रु 64.20 लाख** का खर्च घोषित किया है |


**Major items of Expenditure of National Parties which have incurred highest expenses, FY 2024-25 (in Rs Cr)**




| National Party | Total Expenditure | Top 3 Items of Expenditure of National Parties: Financial Year-2024-25 | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Top 3 Items of Expenditure | Amount (in Rs cr) | % Of Expenditure |
| **BJP** | **Rs 3774.582 cr** | Election/General Propaganda | 3335.368 | **88.36%** |
| | | Administrative Costs | 323.05 | 8.56% |
| | | Employee Costs | 74.348 | 1.97% |
| | | **Other Expenditure** | 41.816 | 1.11% |
| **INC** | **Rs 1111.9496 cr** | Election Expenditure | 896.225 | **80.60%** |
| | | Administrative & General Expenses | 159.684 | 14.36% |
| | | Employees Costs | 28.754 | 2.59% |
| | | **Other Expenditure** | 27.2866 | 2.45% |
| **CPI(M)** | **Rs 173.8649 cr** | Administrative & General Expenses | 78.116 | **44.93%** |
| | | Employees Costs | 51.036 | 29.35% |
| | | Election Expenditure | 29.823 | 17.15% |
| | | **Other Expenditure** | 14.8899 | 8.56% |
| **BSP** | **Rs 106.3081 cr** | Election Expenditure | 84.4688 | **79.46%** |
| | | Administrative &General Expenses | 21.0497 | 19.80% |
| | | Finance Costs | 0.0864 | 0.08% |
| | | **Other Expenditure** | 0.7032 | 0.66% |
| **AAP** | **Rs 36.4639 cr** | Election Expenditure | 22.016 | **60.38%** |
| | | Propaganda Expenses | 10.357 | 28.40% |
| | | Administrative & General Expenses | 2.97 | 8.15% |
| | | **Other Expenditure** | 1.1209 | 3.07% |
| **NPEP** | **Rs 1.1983 cr** | Election Expenditure | 0.642 | **53.58%** |
| | | Administrative & General Expenses | 0.391 | 32.63% |
| | | Employees Costs | 0.135 | 11.26% |
| | | **Other Expenditure** | 0.0303 | 2.53% |
| **Total Expenditure declared** | | | **Rs 5204.367 cr** | |

## vii. राष्ट्रीय दलों द्वारा घोषित आय के सभी स्त्रोत: वित्तीय वर्ष 2024-25

- वित्तीय **वर्ष 2024–25** में राष्ट्रीय दलों ने कुल **रु 7,960.099 करोड़** की आय घोषित की, जिसमें से **85.08% (रु 6,772.53 करोड़)** दान/योगदान से तथा शेष **14.92% (रु 1,187.569 करोड़)** अन्य स्रोतों से प्राप्त हुए।
- **बीजेपी** को कुल आय का **90.48%** (रु 6,124.8583 करोड़) की धनराशि दान से आयी है, जबकि **आम आदमी पार्टी** को **99.85%** (रु 39.224 करोड़) और **एनपीईपी** को **97.74%** (रु 2.1404 करोड़) की आय योगदान के माध्यम से प्राप्त हुई है |
- इसके विपरीत, **बीएसपी** ने अपनी **100%** आय (रु 58.5887 करोड़) अन्य स्रोतों से दर्शाई है जबकि दानराशि शून्य घोषित की है। वहीं **कांग्रेस** की आय का **56.86%** (रु 522.13 करोड़) दान से तथा **43.14%** (रु 396.1565 करोड़) अन्य स्रोतों से आया और **सीपीआई(एम)** को **48.77%** (रु 84.1775 करोड़) दान से और **51.23%** (रु 88.4255 करोड़) अन्य स्रोतों से प्राप्त हुए।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए **6 राष्ट्रीय दलों** ने अन्य अन्य स्रोतों से **रु 1187.569 करोड़** की आय दर्शायी है |




| National Party | Share of income of National parties through Donations/Contributions & other income, FY 2024-25 (in Rs Cr) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Share of donations/contributions of total declared Income | % Share | Share of other sources of income of total declared Income | % Share | Total declared Income |
| BJP | 6124.8583 | 90.48% | 644.2915 | 9.52% | 6769.1498 |
| INC | 522.13 | 56.86% | 396.1565 | 43.14% | 918.2865 |
| CPI(M) | 84.1775 | 48.77% | 88.4255 | 51.23% | 172.603 |
| BSP | 0 | 0% | 58.5887 | 100% | 58.5887 |
| AAP | 39.224 | 99.85% | 0.0573 | 0.15% | 39.2813 |
| NPEP | 2.1404 | 97.74% | 0.0494 | 2.26% | 2.1898 |
| **Total** | **Rs 6772.53 cr** | **85.08%** | **Rs 1187.569 cr** | **14.92%** | **Rs 7960.099 cr** |

## एडीआर के अवलोकन

- सीपीआई(एम), कांग्रेस और बीजेपी दलों ने अपना ऑडिट रिपोर्ट **18 दिनों** से **56 दिनों** के देरी के बाद चुनाव आयोग को जमा किया है |
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए, राष्ट्रीय दलों का सबसे अधिक मुख्य व्यय **चुनावी खर्च/सामान्य प्रचार** और **प्रशासनिक और सामान्य ख़र्च** है |
- वित्तीय वर्ष 2024–25 में राष्ट्रीय दलों ने कुल **रु 7,960.099 करोड़** की आय घोषित की है जिसमें से **85.08%** (रु 6,772.53 करोड़) की आय दान से प्राप्त हुआ है |
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, 6 राष्ट्रीय दलों में से केवल 2 दलों (**कांग्रेस**- रु 350.1215 करोड़ और **सीपीआई(एम)-** रु 10.41 करोड़) ने ही कूपन की बिक्री से कुल **रु 360.532 करोड़** की आय प्राप्त करने की घोषणा की है |

## एडीआर के सुझाव

- सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितम्बर 2013 को यह घोषित किया कि उम्मीदवारों के शपथपत्र का कोई भी हिस्सा खाली नहीं रहना चाहिए इसी के तर्ज पर फार्म 24ए (जोकि राजनीतिक दलों द्वारा रु 20,000 से ज्यादा दान देने वाले लोगों के लिए प्रस्तुत किया जाता है) का भी कोई हिस्सा खाली नहीं होना चाहिए |
- क्योंकि राजनीतिक दलों की आय का अधिकतम प्रतिशत अज्ञात स्त्रोतों से आता है, दानदाताओं की पूरी जानकारी, सार्वजनिक जाँच के लिए आम जनता को उपलब्ध होनी चाहिए | भूटान, नेपाल, जर्मनी, फ़्रांस, इटली, ब्राजील, बल्गेरिया, अमेरिका तथा जापान जैसे देशों में ऐसा किया जाता है | इन देशों में से किसी भी देश में राजनीतिक दलों के आय स्त्रोत का अज्ञात रहना असम्भव होगा |
- वित्त विधेयक 2017 के अनुसार इनकम टैक्स अधिनियम की धारा 13A में यह संशोधन किया गया था की सभी पंजीकृत राजनीतिक दलों को कर में छूट दी जाएगी "बशर्ते वो राजनीतिक दल जो अपने पिछले साल का आयकर विवरण (ऑडिट रिपोर्ट) एक निश्चित प्रारूप में नियमित तारीख तक आयकर विभाग को जमा करता है" | इस प्रकार जो दल निर्धारित तारीख पर या उससे पहले अपना ऑडिट रिपोर्ट आयकर विभाग को जमा नहीं करता है ऐसे दलों को कर में छूट नहीं देनी चाहिए और इनकी मान्यता भी रद्द कर देनी चाहिए |
- आईसीएआई के दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने वाले राजनीतिक दलों को आयकर विभाग द्वारा जाँच किया जाना चाहिए |
- राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार के तहत अपने वित्त सबंधित सभी जानकारी प्रदान करनी चाहिए जो राजनीतिक दलों, चुनावों और लोकतंत्र को मजबूत करेगा |

# अस्वीकरण

रिपोर्ट में उपयोग किए गए डाटा का स्त्रोत राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा आयकर विभाग और भारत चुनाव आयोग को प्रस्तुत वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट से लिया गया है | एडीआर किसी भी जानकारी को अपने रिपोर्ट में तब तक नहीं जोड़ता या घटाता है जब तक चुनाव आयोग डाटा में बदलाव नहीं करता | विशेष रूप से, किसी अन्य स्त्रोत से किसी भी असत्यापित जानकारी का उपयोग नहीं किया जाता है | इस डाटा को https://myneta.info/party और चुनाव आयोग के **वेबसाइट** में देख सकते हैं | डाटा को सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए गए हैं और यह जानकारी राजनीतिक दलों द्वारा प्रस्तुत विवरणों में उल्लेखित आकड़ों के अनुरूप है | यदि इस रिपोर्ट में दी गयी जानकारी और दलों के विवरणों में घोषित जानकारी में अंतर् पाया जाता है तो ऐसे मामलों में राजनीतिक दलों द्वारा दी गई जानकारी ही सही मानी जानी चाहिए | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्लू) और उसके स्वयंसेवक इसके प्रकाशन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से होने वाली किसी भी क्षति के लिए जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होंगे |

यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि एडीआर, भारत के चुनाव आयोग और सबंधित राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारीयों के साथ प्रस्तुत राजनीतिक दलों के ऑडिट और योगदान रिपोर्ट के विश्लेषण और प्रसार में बहुत अत्यधिक सावधानी बरतता है | इस तरह की जानकारी का उद्देश्य केवल ***हमारी चुनावी और राजनीतिक प्रक्रिया में धन के बढ़ते दुरूपयोग को उजागर करना है ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की प्रणाली को सुगम बनाया जा सके और मतदाताओं को एक सूचित विकल्प बनाने में सक्षम बनाया जा सके*** | इसलिए, यह अपेक्षा की जाती है कि इस रिपोर्ट का उपयोग करने वाला कोई भी व्यक्ति एडीआर द्वारा उपलब्ध कराए गए डाटा का उपयोग करते समय उचित और अत्यधिक सावधानी बरतेगा | एडीआर किसी भी गलत तरीके से निपटने, विसंगति, समझने में असमर्थता, गलत व्याख्या या हेरफेर, डाटा को इस तरह से विकृत करने के लिए जिम्मेदार नहीं है ताकि किसी विशेष राजनीतिक दल या राजनेता या उम्मीदवार को लाभ या लक्षित किया जा सके |

# सम्पर्क


| **Media and Journalist Helpline** | **Maj. Gen Anil Verma (Retd.)** | **Prof Trilochan Sastry** | **Dr Ajit Ranade** |
|---|---|---|---|
| +91 80103 94248<br>Email: adr@adrindia.org<br>https://adrindia.org/about-adr/state-coordinators | Head, NEW & ADR<br>anilverma@adrindia.org | IIM Bangalore (Retd.)<br>Founder, NEW & ADR<br>tsastry@gmail.com | Founder Member, NEW & ADR<br>ajit.ranade@adrindia.org |